सिटी बाइट्स

यूजीसी छात्रावास के समस्याओं के समाधान की मांग

भागलपुर. टीएनबी कॉलेज के यूजीसी छात्रावास में छात्रों की मूलभूत समस्याओं को लेकर छात्र राजद के कॉलेज अध्यक्ष देव सूरज ने प्राचार्य को ज्ञापन सौंपा. इसमें कई समस्याओं को अंकित किया गया. इनमें ठंडा पेयजल के लिए कैट खराब हो गया है. हॉस्टल के कुछ कमरों का गेट व खिड़कियां टूट गयी है. ग्राउंड फ्लोर का शौचालय पूर्ण रूप से जाम हो चुका है. कई रूम में बिजली बोर्ड टूटा हुआ है. सभी समस्याओं पर जल्द से जल्द निदान की मांग की गयी. मौके पर छात्र राजद के कार्यकर्ता भोला, परमजीत, रितेश, भावेश, अमन, चूनेश, पीयूष आदि उपस्थित थे.

कामकाजी महिला छात्रावास आकांक्षा में भर्ती शुरू

भागलपुर. कामकाजी महिलाओं को सुरक्षित और सुविधाजनक आवास मुहैया कराने वाली महत्वाकांक्षी योजना कामकाजी महिला छात्रावास "आकांक्षा" के लिए विभिन्न पदों पर भर्ती प्रक्रिया शुरू हो गयी है. महिला एवं बाल विकास निगम के प्रबंध निदेशक ने इस संबंध में आवेदन आमंत्रित किये हैं. इच्छुक और योग्य अभ्यर्थी आमंत्रण सूचना प्रकाशन के 15 दिनों के भीतर आवेदन जमा कर सकेंगे. जिला प्रोग्राम पदाधिकारी के अनुसार यह भर्ती प्रक्रिया कामकाजी महिलाओं को उनके कार्यस्थल के पास आवास उपलब्ध कराने के सरकारी उद्देश्य को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगी. **इन पदों पर होगी बहाली:** अधीक्षिका: 01, सहायक अधीक्षिका: 01, चौकीदार: 03, रसोइया: 02, बहुपयोगी कर्मी (रसोइया कार्य): 02 सफाई कर्मी: 01, इन पदों के लिए मानदेय 11,640 रुपये से लेकर 28,000 रुपये तक निर्धारित किया गया है.

आज त्रिमूर्ति फीडर की बिजली रहेगी बंद

भागलपुर. शनिवार को भीखनपुर उपकेंद्र के त्रिमूर्ति फीडर की बिजली बंद रहेगी. सहायक अभियंता विक्रम सिंह ने बताया कि भोलानाथ अरबोवी के लिए बिछायी गयी केबल को चार्ज किया जायेगा. इस कारणवश त्रिमूर्ति फीडर की बिजली सुबह 7.00 बजे से 7.45 बजे तक यानी, 45 मिनट के लिए बंद रखी जायेगी. **खलीफाबाग फीडर की बिजली आज सुबह 7 से 10 बजे तक रहेगी बंद:** शहर के टीटीसी उपकेंद्र के खलीफाबाग फीडर की बिजली शनिवार को बंद रहेगी. सहायक विद्युत अभियंता जितेंद्र कुमार ने बताया कि नया ट्रांसफॉर्मर को चालू करने सहित उपभोक्ताओं के सर्विस वायर की शिफ्टिंग के लिए खलीफाबाग फीडर को सुबह 7 बजे से 10 बजे तक बंद रखा जायेगा.

भागलपुर-गांधीधाम एक्सप्रेस का बदलेगा मार्ग

भागलपुर. लखनऊ स्टेशन पर कॉनकोर्स फाउंडेशन के निर्माण के सिलसिले में प्लेटफार्म संख्या 4 व प्लेटफॉर्म संख्या पांच पर 15 व 17 मई तक यातायात और बिजली अवरोध के कारण 09452 भागलपुर-गांधीधाम एक्सप्रेस के मार्ग में परिवर्तन होगा. 19, 26 मई, 2; 9, 16, 23 व 30 जून एवं सात जुलाई को मार्ग परिवर्तित किया जायेगा. यह ट्रेन अपने नियमित रूट बाराबंकी-लखनऊ-कानपुर सेंट्रल के बजाय परिवर्तित रूट बाराबंकी-मलीहाबाद-ऐशबाग-कानपुर सेंट्रल से होकर चलेगी.

भू संपदा विनियामक प्राधिकरण (रेरा) को लेकर हुई कार्यशाला

कानून का उल्लंघन करनेवाले प्रमोटर्स पर होगी कार्रवाई

उपमुख्य संवाददाता, भागलपुर

भू-संपदा विनियामक प्राधिकरण (रेरा), बिहार के अध्यक्ष विवेक कुमार सिंह ने निर्देशित किया है कि अब सभी जिलों को एक पुस्तिका भेजी जायेगी. इसमें उस जिले में निबंधित प्रोजेक्ट्स, निबंधित रियल एस्टेट एजेंट से संबंधित सूचना होगी. उस जिले के आयोजना क्षेत्र की विस्तृत जानकारी और प्रोजेक्ट्स व प्रोमोटर्स की रैंकिंग की सूचना होगी. इस कदम का उद्देश्य जिलों को विस्तृत सूचना प्रदान करना है, ताकि वे रेरा कानून का उल्लंघन करनेवाले अनिबंधित प्रोजेक्ट्स के प्रमोटर्स व एजेंट्स की सूचना प्राधिकरण को दे सकें. इससे उनपर कानूनी करवाई की जा सकेगी. रेरा अध्यक्ष ने रेरा बिहार द्वारा आयोजित संवेदीकरण सह अभिमुखीकरण कार्यशाला का उद्घाटन करते हुए उक्त बातें कही. उन्होंने यह भी कहा कि यह सुविधा रहेगी कि पीड़ित घर खरीदारों की शिकायत को रेरा बिहार के पोर्टल पर डाल सकेंगे और डीएम व एसपी त्वरित कारवाई कर सकेंगे. भागलपुर प्रमंडल के जिलों के जिला, पुलिस व म्युनिसिपल प्रशासन से आग्रह किया कि वे रेरा अधिनियम को जमीनी स्तर पर प्रभावी ढंग से लागू करने में सक्रिय भूमिका निभाएं. उन्होंने कहा कि जिला प्रशासनों से रेरा अधिनियम के प्रावधानों के अनुपालन करने के लिए रिपोर्ट प्राप्त करने के लिए प्रपत्र तैयार कर सभी जिलों को भेजा गया है. यह आवश्यक है कि जिलों से रिपोर्ट नियमित रूप से भेजी जाये. कार्यशाला में रेरा बिहार के जांच आयुक्त संजय सिंह, भागलपुर के आरक्षी महानिरीक्षक विवेक कुमार, जिलाधिकारी नवल किशोर चौधरी, बांका के जिलाधिकारी अंशुल कुमार, भागलपुर के एसएसपी हृदय कांत, नवगछिया की आरक्षी अधीक्षक प्रेरणा कुमार, बांका के आरक्षी अधीक्षक उपेंद्र नाथ वर्मा, भागलपुर के डीडीसी प्रदीप कुमार सिंह के अतिरिक्त भागलपुर व बांका 12 नगर निकायों के अधिकारियों ने हिस्सा लिया.

आयोजित कार्यशाला में मौजूद पदाधिकारी व अन्य.

प्रमोटर के लिए भी सत्र का आयोजन

कार्यशाला में भागलपुर व बांका जिलों में निबंधित परियोजनाओं के प्रमोटर के लिए एक सत्र को आयोजित किया गया. इसमें प्रतिभागियों को परियोजनाओं के निबंधन के लिए आवश्यक कदमों और निबंधन के बाद किये जानेवाले अनुपालनों के बारे में जानकारी दी गयी. इस सत्र में प्रमोटर्स को रेरा बिहार की नयी विनियमावली की भी जानकारी दी गयी. इसके बाद एक प्रश्नोत्तर सत्र का आयोजन किया गया.

रेरा कानून से घर खरीदारों के हितों की रक्षा : जांच आयुक्त

रेरा बिहार के जांच आयुक्त संजय सिंह ने कहा कि यह सभी को समझना होगा की रेरा कानून बहुत ही सोच-समझ कर बनाया गया है, ताकि घर खरीदारों के हितों की रक्षा हो सके. इस कानून का और उद्देश्य है कि सभी हितधारकों की शिकायतों का त्वरित निष्पादन हो सके. भागलपुर के डीएम नवल किशोर चौधरी ने कहा कि प्राधिकरण को एक ऐसा सिस्टम बनाना चाहिए कि घर खरीदारों की वास्तविक समस्याएं क्या है, ताकि रेरा बिहार के विनियम को उसी हिसाब से बनाया जा सके. बांका के जिलाधिकारी अंशुल कुमार ने इस तरह के कार्यक्रम का आयोजन करने के लिए प्राधिकरण का धन्यवाद किया. भागलपुर के आरक्षी महानिरीक्षक विवेक कुमार ने कहा कि प्राधिकरण द्वारा जारी सभी लंबित वारंटों की सूची प्रदान करायी जाये, ताकि उनका निष्पादन हो सके.

गुरुजी के व्यक्तित्व व कृतित्व

गांव में लोगों का आवंटन रद्द

L. N. BHAGALPUR UNIVERSITY, BHAGALPUR-812
तिलकामांझी भागलपुर विश्वविद्यालय भागलपुर - 812
NAAC Accredited 'B' grade with CGPA 2.50

Tender Notice

Design and Development of Cloud based UMIS (Admissions and Examinations)

Sealed quotations are invited from the reputed Regist firm with an established track-record for the Design Development of Cloud based UMIS (Admission Examinations). Tender documents with technical and fina bids should reach the office of the undersigned by Regis post on or before 30.05.2025 upto 5 P.M. Financial Bid opended after the scrutiny of Technical bids.

Tender document may be obtained from the offi undersigned or downloaded from university we www.tmbuniv.ac.in

(Ramashish Pa
Registrar

पूर्व रेलवे
ई-नीलामी सूचना
सं. सीओएम/पार्किंग/मालदा/2024 दिनांक 15.0
मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, मालदा टाउन, मालदा टाउन ऑफिस बिल्डिंग, इलतमिश, जिला मालदा, पिन-732102 (पश्चिम बंगाल) (नीलामी संचालन अ द्वारा मालदा मंडल के तहत तीनपहाड़ (टीपीएच) और राजमहल (आरजेएल) रेल पर पार्किंग लॉट के परिचालन के लिए ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है जिस www.ireps.gov.in पर ई-ऑक्शन कैटलॉग प्रकाशित किया गया है। ऑक्शन के पार्किंग-25-06, नीलामी शुरू होने की तिथि: दिनांक 02.06.2025 को 11.45 सं. 1, लॉट सं.-पार्किंग-एमएलटीटी-टीपीएच-एमएक्स-27-25-1, स्टेशन: टीपी सं. 2, लॉट सं.-पार्किंग-एमएलटीटी-आरजेएल-पीसीसीडी-74-25-1, स्टेशन: प्रस्तावित बोलीदाताओं से अनुरोध है कि विस्तृत जानकारी के लिए आईआरईपीएस प मॉड्यूल देखें। MLD-5
निविदा सूचना वेबसाइट: www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर
हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayhead

पूर्व रेलवे
ई-नीलामी सूचना
वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, मालदा टाउन, मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व र टाउन ऑफिस बिल्डिंग, इकबाल: इलतमिश, जिला मालदा, पिन-732102 (पश्चि (नीलामी संचालन अधिकारी) द्वारा मालदा मंडल के तहत विभिन्न रेलवे स्टेश वेंडिंग मशीन (इकब्यूवीएम) के लिए अनुबंध प्रदान करने हेतु ई-नीलामी आमंत्रि है। ई-नीलामी कैटलॉग www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।
ऑक्शन कैटलॉग नं. इकब्यूवीएम-2025-05
मालदा मंडल के तहत वाटर वेंडिंग मशीन (इकब्यूवीएम) स्टॉल के लिए ई-क्रम सं., लॉट सं./कैटेगरी, स्टेशन निम्नानुसार है: एए/1, एएएएएम-एमएलटीटी इकब्यूवीएम-14-24-1, गोड्डा, इसडीहा, मिर्जाचौकी, साहिबगंज, बड़हरवा, र राजमहल: एए/2, एमएलएस-एमएलटीटी-एमएलटीटी-इकब्यूवीएम-15-24 टाउन, न्यू कटवा, भुलियान गंज, कांगुरू रोड और निमतीता) नीलामी शुरू हो 29.05.2025 को 11.45 बजे। (प्रत्येक हेतु)। प्रस्तावित बोलीदाताओं से अ विस्तृत जानकारी के लिए आईआरईपीएस ई-ऑक्शन मॉड्यूल देखें। MLD-
निविदा सूचना वेबसाइट: www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर
हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayhe

कटिहार मंडल में कुमेदपुर यार्ड का सुधार
ई-निविदा सूचना सं. KIR/Engg./29 of 2025, दिनांक: 14-05-2025। अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: निविदा सं. 11 कार्य का संक्षिप्त विवरण:- यार्ड सुधार - कुमेदपुर यार्ड (यार्ड सुधार के लिए क्रॉस ओवर का स्थानांतरण)। निविदा मूल्य: ₹74,67,165.44; बिड सिक्योरिटी: ₹1,49,400.00। ई-निविदाएं 10-06-2025 को 15:00 बजे बंद होंगी और 10-06-2025 को 15:30 बजे खुलेंगी। उपरोक्त ई-निविदा के निविदा कागजात के साथ संपूर्ण सूचना वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर 10-06-2025 को 15:00 बजे तक उपलब्ध होंगी।
डीआरएम (कार्य), कटिहार
पूर्वोत्तर सीमा रेलवे
यात्रियों की सेवा में तत्पर, हमेशा

शिल्प कार्य

OFFICE OF THE
ZILA PARISHAD, KHAGA
SHORT TERM TENDER NOTICE NO-02/20

Scanned with OKEN Scanner